## Headline

1. **इंडिया गठबंधन: मजबूत प्रत्याशी होने पर ही सहयोगी दलों को सीटें देगी सपा, कांग्रेस की बात मानने को तैयार नहीं**
2. **Rahul Gandhi: 'इंडिया' गठबंधन में उथल-पुथल के बीच चार देशों की यात्रा पर जाएंगे राहुल गांधी, उठ रहे सवाल**

कह कपि हृदय धीर धरु माता । सुमिरु राम सेवक सुखदाता ।।
अब कृतकृत्य भयउ मैं माता । आसिष तव अमोघ बिख्याता ।।

|| Ram Katha 928 - मानस मातोश्री || Mumbai || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान


www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 148 | इंदौर, बुधवार 06 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# प्रदेश के 205 विधायक करोड़पति

# 102 के पास 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति

# 90 पर आपराधिक केस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में 16वीं विधानसभा के लिए निर्वाचित विधायकों में से एक पर हत्या और पांच पर हत्या के प्रयास के केस दर्ज हैं। दो पर रेप और अन्य तरह के गंभीर अपराध दर्ज हैं। विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद यह जानकारी मंगलवार को एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) की रिपोर्ट में दी गई है। इसके मुताबिक इस बार करोड़पति विधायकों की संख्या 205 है। **बीजेपी और कांग्रेस के जीते उम्मीदवारों में एक-एक ऐसे भी हैं जो सिर्फ हस्ताक्षर कर पाते हैं और साक्षर कैटेगरी में शामिल हैं।**

### ◆ 230 में से 90 विधायकों पर आपराधिक केस

प्रदेश के 230 में से 90 विधायकों ने अपने पर दर्ज आपराधिक मामले बताए हैं जो कुल संख्या का 39% है।

### ◆ दलवार यह है विधायकों पर दर्ज केस

चुनाव जीत कर विधायक बनने वाले ऐसे नेताओं में बीजेपी के 163 में से 51 यानी 31 प्रतिशत, कांग्रेस के 66 में से 38 यानी 58 प्रतिशत और एक अन्य भारत आदिवासी विकास पार्टी के उम्मीदवार हैं। इसमें बीजेपी के 16 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 17 (26 प्रतिशत) विधायकों ने अपने ऊपर गंभीर मामले दर्ज होने की जानकारी विधानसभा चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्र के साथ शपथ पत्र में दी है।

### 205 विधायक हैं करोड़पति

रिपोर्ट में अभी जानकारी दी गई है कि 2018 के चुनाव में करोड़पति विधायकों की संख्या 187 थी। जबकि 2023 के चुनाव में यह संख्या बढ़कर 205 हो गई है। इसमें भाजपा के 163 में से 144 यानी 88% और कांग्रेस के 66 में से 61 यानी 92 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं।

### विधायकों की शैक्षणिक स्तर

बीजेपी-कांग्रेस के एक-एक विधायक सिर्फ साक्षर हैं, जबकि भाजपा के दो विधायक पांचवी पास और चार आठवीं पास हैं। कांग्रेस के भी एक विधायक आठवीं कक्षा तक पढ़े हुए हैं। 10वीं पास विधायकों में भाजपा के 10 और कांग्रेस के चार एमएलए शामिल हैं वहीं हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण विधायकों में बीजेपी के 31 और कांग्रेस के 12 एमएलए शामिल हैं। भाजपा के 38 और कांग्रेस के 11 विधायक स्नातक परीक्षा पास हैं। स्नातक उत्तीर्ण एमएलए में बीजेपी के 24, कांग्रेस के 10 और एक अन्य दल से शामिल है। स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विधायकों में कांग्रेस के 23, भाजपा के 47 समेत 70 के नाम हैं। वहीं कांग्रेस के तीन और भाजपा के चार विधायक पीएचडी होल्डर हैं। कांग्रेस के एक और भाजपा के दो एमएलए डिप्लोमा होल्डर है।

### ◆ सबसे कम उम्र के 31, सबसे अधिक उम्र 80 साल

पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि निर्वाचित विधायकों में 31 से 40 वर्ष के 18 एमएलए, 41 से 50 वर्ष के 53 एमएलए, 51 से 60 वर्ष के 86 तथा 61 से 70 वर्ष के 57 और 71 से 80 वर्ष के 16 विधायक चुने गए हैं।

### ◆ सबसे कम आयु वाले 12 विधायक

अभिजीत शाह टिमरनी 31 साल, प्रियंका पेंची चांचौड़ा 32 साल, शरद जुगलाल कोल ब्यौहारी 32 साल, आतिफ आरिफ अकील भोपाल उत्तर 33 साल, कमलेश्वर डोडियार सैलाना 33 साल, मंजू राजेंद्र दादू नेपानगर 34 साल, प्रतिमा बागरी रैगांव 35 साल, कामाख्या प्रताप सिंह महाराजपुर 36 साल, राम सिया भारती मलहरा 36 साल, हेमंत सत्यदेव कटारे अटेर 37 साल, जयवर्धन सिंह राघोगढ़ 37 साल और दिव्यराज सिंह सिरमौर 37 साल शामिल हैं।

### ◆ सबसे अधिक उम्र के जो विधायक

नागेंद्र सिंह गुढ़ और नागेंद्र सिंह नागौद 80 साल, कमलनाथ छिंदवाड़ा 76 साल, जयंत मलैया दमोह 76 साल, जगन्नाथ सिंह रघुवंशी चंदेरी 75 साल, भंवर सिंह शेखावत बदनावर 74 साल, बिसाहू लाल सिंह अनूपपुर 73 साल, पन्नालाल शाक्य गुना 73 साल शामिल हैं।

# ग्रुप के 50 सदस्यों ने किया सामूहिक भ्रमण

## उड़ीसा के धार्मिक और एतिहसिक स्थलों के दर्शन किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जैन सोशल ग्रुप स्वागत ने अपने 25वें प्रवेश वर्ष मे उड़ीसा प्रदेश की धार्मिक यात्रा की। यात्रा मे शामिल 25 जोड़ों ने सामूहिक रूप से जगन्नाथ पुरी, कोणार्क मन्दिर, नंदनकानन, चिलका झील देखी और उसका आंनद लिया।**

यह जानकारी देते हुए योगेंद्र सांड ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा ग्रुप अध्यक्ष सुशील गोखरू एवं सयोजक ललित वोरा के नेतृत्व् मे सम्पन्न हुई। इस 5 दिन की यात्रा मे सभी ने खूब आनन्द किया और देव दर्शन किये। स्वागत ग्रुप वर्ष मे दो बार बाहर भ्रमण पर जाता है ।एक बार देश मे और एक बार विदेश मे ।यात्रा 5 से लेकर एक पखवाड़े तक की होती है। इसका मकसद धार्मिक और पर्यटन स्थलों को देखना और वहा की संस्क्रति को समझना। ग्रुप अभी तक दुबई, सिंगापुर, यूरोप की यात्रा कर चुका जबकि भारत मे असम, अंडमान, केरल, गुजरात, जम्मू कश्मीर आदि राज्यो की। यात्रा जुलाई और दिवाली बाद के दिनों मे की जाती है। ग्रुप विगत कई वर्षो से कैंसर पीड़ितों की सेवा के साथ अनाथ बच्चों की सेवा जैसे मानवता के कार्य कर रहा है।यात्रा में विशेष रूप से मोहनलाल जैन ,श्री पाल सकलेचा. पारस ककरेचा,दिनेश धिंग व सुरेश छाजेड योगदान सराहनीय रहा।

# लोक अदालत की सफलता के लिए 50 हजार सूचना पत्र का वितरण

## पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी की प्रभावी तैयारी

- पात्रतानुसार मूल राशि पर तीस प्रतिशत छूट दी जाएगी
- ब्याज की राशि पर शत प्रतिशत तक छूट मिलेगी
- पचास हजार तक के प्रकरणों पर नियमानुसार प्रदान करेंगे छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर शनिवार में अधिक से अधिक प्रकरणों के समाधान के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तत्वावधान में तैयारी जारी है। मालवा और निमाड़ में 44 स्थानों पर लगने वाली लोक अदालत में प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों की सिविल दायित्व मूल राशि पर तीस फीसदी तक छूट दी जाएगी, ब्याज में शत- प्रतिशत छूट मिलेगी। छूट पचास हजार तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों पर ही प्रदान की जाएगी। लोक अदालत के आयोजन एवं दी जाने वाली छूट के संदर्भ में पचास हजार सूचना पत्र (नोटिस) दिए जा रहे हैं।**

मप्रपक्षेविविकं इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देशन में कंपनी क्षेत्र के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की सफलता के लिए सघनतम प्रयास जारी है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया जाएगा। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्न दाब श्रेणी के पात्र घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री आरके आर्या ने बताया कि प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। यदि आवेदक के अन्य कोई कनेक्शन भी है, तो उसकी राशि पूर्ण जमा होना चाहिए।

# गो दुग्ध से किया गया बटुक भैरव का पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर मंगलवार को भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में सुबह आश्रम परिसर स्थित भैरवनाथ मंदिर पर आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में बटुक भैरव का 21 विद्वानों द्वारा रूद्राभिषेक एवं षोडषोपचार पूजन कर गो दुग्ध से अभिषेक किया गया। शाम को छप्पन भोग समर्पित कर पुष्प बंगला सजाया गया। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं यदुनंदन माहेश्वरी ने बताया कि भैरव अष्टमी पर भैरवनाथ मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह से भक्तों द्वारा दर्शन एवं पूजन का क्रम शुरू हो गया था। इस मौके पर मां ललिता त्रिपुर सुंदरी का भी मनोहारी श्रृंगार कर महाभोग लगाया गया। महाआरती में आश्रम परिवार के राजेन्द्र महाजन, रमेश पसारी, चंदन तिवारी, संजय पंडित सहित सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया। बटुक भैरव के साथ शीतलामाता और मां अन्नपूर्णा का पूजन भी किया गया। शाम को स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद-वेदांग विद्यापीठ के बटुकों ने भी पूजन-अर्चन किया। भक्तों ने भगवान भैरवनाथ की आराधना की। दिन भर भक्तों द्वारा पूजन का क्रम चलता रहा और आश्रम परिसर भैरव बाबा के जयघोष से गूंजता रहा।

# ब्लेक बेल्ट कोर्स के लिए परीक्षा

**इंदौर**। विगत दिनो स्थानीय महालक्ष्मी नगर कराते हॉल में कराते बेल्ट कोर्स ' परीक्षा का आयोजन किया गया । परीक्षा सिकोकाई स्टाइलाई के अंतर्गत सम्पन्न हुई जिसने नवोदित व सीनियर खिलाड़ियों द्वारा आ बेल्ट के अलग अलग कोर्स की परीक्षा ली गई इसके अलावा खिलाड़ियों को व वर्ल्ड कराते फेडरेशन के नियमो के साथ नई तकनीको से भी अवगत कराया गया। सम्पूर्ण परीक्षा मुख्य कराते प्रशिक्षक व इग्जामनर अजय शुक्ला व मयूर यादव के सानिध्य में सम्पन्न हुई इस उपलक्ष पर सीनियर खिलाड़ी मुसकान चौहान, विमल राय, श्रेयांश पाटिल, ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कटाक्ष




# सर्दियों में ड्राई एयर और इनडोर हीटिंग सिस्टम के कारण आंखें ड्राई होती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आई केयर इन विंटर पर विशेष परिचर्चा क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा एक समूह के साथ आयोजित किया गया जिसमे शांति आई टेक के डॉ. अमित सोलंकी ने जानकारी दी ।

आई सर्जन डॉ अमित सोलंकी ने बताया सर्दियों में ड्राई एयर और इनडोर हीटिंग सिस्टम के कारण आंखें ड्राई हो सकती हैं। सर्दियों के मौसम में लोग पानी पीना कम कर देते हैं जिसका सीधा असर आंखों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। ध्यान रहे कि ज्यादा से ज्यादा पानी पीना आंखों सहित संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। डिहाइड्रेशन को रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पियें। इससे आंखों का ड्राई होना, जलन होना और खुजली होना आदि समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है। आंखों के स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेना जरूरी है। विटामिन ए, सी और ई के साथ-साथ ओमेगा-3 फैटी एसिड , एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थों को खाने में शामिल करें । ये पोषक तत्व आंखों के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में योगदान देते हैं और मैक्यूलर डिजनरेशन जैसी स्थितियों को रोकने में मदद कर सकते है। सर्दियों के दौरान स्क्रीन टाइम बढ़ जाना, चाहे घर से काम करना हो या अपने पसंदीदा शो को बार-बार देखना, आपकी आंखों पर दबाव डाल सकता है।

# 10 साल में पहली बार दिन भी रात की तरह सर्द



इंदौर। सर्दी ने अब जाकर तेवर दिखाना शुरू किया है। 10 साल में पहली बार दिन भी रात जितने सर्द हैं। मंगलवार को दिन का तापमान 20 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 9 डिग्री कम है। सोमवार रात का तापमान 17.5 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 5 डिग्री अधिक है।

यानी दिन और रात के तापमान में सिर्फ ढाई डिग्री का अंतर है। 9 दिन में दूसरा मौका है, जब अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री कम होकर 20 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। इसके पहले 27 नवंबर को अधिकतम तापमान इस स्तर पर आया था, जो नवंबर में 14 में सबसे कम था।

### तूफान के असर से इतनी ठंडक

चेन्नई में आए तूफान का असर है जो पिछले दो दिन से बादल छाए हुए हैं। धूप नहीं निकल रही है। मंगलवार को तो सुबह के वक्त हलका पानी भी गिरा। दिनभर ठंडी हवा भी चलती रही। यही कारण है कि दिन इतना सर्द हो गया।

### नमी मिलने से छा रहे हैं बादल

अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिल रही है। इस कारण बादल छाए हैं। हालांकि बुधवार को धूप निकलेगी। बादलों का असर कम होगा।

# नन्हें विद्यार्थियो को स्वेटरों का वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय हरनियाखेड़ी के शिक्षक सुनील कुमार जैन ईशान के आह्वान पर श्री दिगंबर जैन समाज इंदौर के सदस्यों के सहयोग से शासकीय माध्यमिक एवम प्राथमिक विद्यालय हरनियाखेड़ी के सभी 144 बच्चों क निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए ' इसी के साथ शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय उमरिया (85 बच्चों को),शासकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय उमरिया(85 बालिकाओं को),शासकीय माध्यमिक विद्यालय मालवीय नगर( 55 बच्चों को) स्वेटरों का वितरण किया गया..इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चंद जैन,समाज सेवी सुधांशु जटाले,दिगंबर जैन पोरवाड़ महिला संगठन इंदौर की सचिव सपना जैन, महिला समाज सेवी रश्मि जटाले इंदौर के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मंगलेश व्यास, जन शिक्षक लक्ष्मी नारायण ठाकुर,महेश चौहान, बीईओ कार्यालय से वरिष्ठ लेखाकार मंजू राजपाल, संकुल पिगडंबर के लेखापाल गेंदालाल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे ..मालवीय नगर से नंदा शांडिल्य..अर्चना गुप्ता मीना चौरसिया राधेश्याम वर्मा नीता आचार्य मनीषा अग्रवाल उपस्थित थी.. शीक्षिका पायल परदेशी ने कार्यक्रम का संचालन किया आभार प्रधानपाठक संगीता फ्रांसिस ने माना।

## संभागायुक्त श्री मालसिंह ने एमवाय अस्पताल में लायंस आश्रय स्थली का किया लोकार्पण

**इंदौर**। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने आज एमवाय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम में नवनिर्मित लायंस आश्रय स्थली का लोकार्पण किया। यह समारोह एमवाय परिसर के आयुष्मती भवन में किया गया। इस लायंस आश्रय स्थली में कैंसर पीड़ित बच्चों के परिजनों एवं अन्य रोगियों के परिजनों के ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित, एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. पी.एस. ठाकुर, लायन कमलेश जैन, श्री यश शर्मा, श्री योगेंद्र रूनवाल, श्री अनिल खण्डेलवाल आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

# आत्महत्या को लेकर अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ द्वारा स्व. शैलेंद्र चौहान पिता स्वर्गीय बाबूलाल चौहान के द्वारा की गई आत्महत्या के संबंध में दिये गये ज्ञापन पर कोई कार्यवाही नहीं होने से समाज में आक्रोश व्याप्त होने से समाजजन द्वारा प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया गया।**



ज्ञापन में बताया गया हम अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ का प्रतिनिधि मंडल द्वारा 24 नवंबर को श्रीमान आयुक्त महोदय, वाणिज्य कर, भध्य प्रदेश मुख्यालय मोती बंगला एमजी रोड इंदौर को हमारे समाज के स्व. शैलेंद्र चौहान पिता स्वगांय बाबूलाल चौहान के द्वारा 23 सितंबर 2022 को आत्महत्या की गई थी के संबंध में ज्ञापन दिया गया था जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा यह बताया गया था कि 'दीपावली की साफ सफाई में परिजनों को स्वर्गीय शैलेंद्र चौहान का हस्तलिखित आत्महत्या के संबंध में लिखा पत्र मिलने से ज्ञात हुआ कि आपके अधिनस्थ अधिकारीगण जो निम्नानुसार है (1) पारुल अग्रवाल (2) राघवेंद्र रावत (3) इंद्रेश तिवारी (4) रामराज यादत जो सभी लोग एंटी एवेजन नंबर-1 में पदस्थ है इनके द्वारा हमारे ही समाज के व्यक्ति स्वर्गीय श्री शैलेंद्र पिता बबूलाल चौहान निवासी 512/2, मालवीय नगर, इन्दौर के यहां छापामार कार्रवाई की गई थी उसके पश्चात रिश्वत की मांग करते हुए उस पर अवैधानिक रूप से दबाव बनाकर उसे मानसिक प्रताड़ना दी गई तथा जातिगत शब्दों से अपमानित करते हुए उससे 50 लाख रुपए की मांग की गई एवं जानसे मारने की धमकी दी गई इस घटना की जानकारी मालवी क्रमांकार स्थित हमारे समाज के अन्य लोगों को ज्ञात हुई तो पूरा समाज आक्रोशित हो उठा है। उक्त संबंध में हमारे समाज के द्वारा 24 नवंबर 2023 को आयुक्त महोदय, वाणिज्यिक कर, मध्य प्रदेश इन्दौर के समक्ष ज्ञापन देकर अविलम्ब कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया था, किन्तु आज दिनांक तक कोई भी उचित एवं वैधानिक कार्यवाही नहीं किए जाने से उक्त आरोपीगणों के हौंसले और बुलन्द हो चुके है और इनके खिलाफ कोई भी कार्यवाहीं नहीं होने से समाज में काफी आक्रोश व्याप्त हो चुका है और समाज के लोगों को प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ा है। समाज द्वारा जो मांग की गई थी वह दिये गये ज्ञापन में उल्लेखित थी। (1) पारुल अग्रवाल (2) राघवेंद्र दावत (3) इंद्रेश तिवारी, (4) रानराज यादव, जो कि वाणिज्यिक कर कार्यालय, इन्दौर में एन्दीइवेजन में पदस्थ है, इन सभी व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जायें। यदि आपके द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती है तो चरणबद्ध धरना प्रदर्शन व घेराव किया जाएगा एवं सड़कों पर हमारे संगठन द्वारा आंदोलन किए जाने हेतु मजबूर होना पड़ेगा। यह एक गम्भीर घटना घटित हुई है। हमारे समाज में इस उत्पीड़न के कारण गहरा आक्राश है।

**चाट-चौपाटी फूड जोन परिसर के पास स्थानातंरण मामला...**

# बड़ों पर करम गरीबों पर सितम, गुमटी-ठेले जब्त किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ महू में गर्ल्स स्कूल व प्रताप बाल मंदिर पर सालों से लग रही वेज - नानवेज व्यंजनों की अस्थाई दुकानें, ठेले आदि फूड जोन परिक्षेत्र में स्थानांतरित कर दिए गए है, बावजूद उसके अनेक ठेले उपरोक्त स्थानों पर ही लगाए जाने की शिकायत के बाद कैंट बोर्ड अमले ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए इक्का - दुक्का ठेले जब्त किए हैं।

## ◆ स्कूल परिसर से कुछ ही मीटर दूर चाय सुस्टा बार को बख्शा

इधर शहर व आस - पास खान पीन, सब्जी, फल फ्रुट आदि के साथ ही विभिन्न सामानों का ठेला, अस्थाई, फेरी आदि के माध्यम से काम धंधा करने वाले लोगों ने व्यवस्थित हाकर्स जोन के साथ ही शहर व बंगला - बगीचा एरियों में अवैध निर्माण व अतिक्रमण के साथ ही रहवासी अनुमति के नाम पर वृहद स्तर पर व्यवसायिक काम्पलेक्स आदि और भारी भरकम किराया और प्रमुख मार्गो पर ध्वस्त यातायात व पार्किंग को लेकर सवालों के घेरे के साथ ही इस अदांज में अमीरों पर करम गरीबों पर सितम?

आधा दशक से भी अधिक समय से दोनों चाट - चैपाटी पर दुकानें लगाकर परिवार का लालन पोषण करने वाले अधिकांश मेहनतकश वर्ग इस निर्णय का लगातार विरोध कर रहा है, उनका कहना है जिस स्थान पर अस्थाई बाजार शिप्ट किया गया है वह व्यापार के साथ ही खासकर महिलाओं आदि की सुरक्षा लिहाज से भी ठीक नहीं है, ऐसे में यहां पर काम धंधा पूरी तरह चैपट हो गया है, यहां पहुंचे ठेले, अस्थाई दुकानदारों के साथ ही विभिन्न व्यंजनों की फेरी वालों में से अधिकांश का बौनी बट्टा भी नहीं हो पा रहा है।

### मंत्री से गुहार लगाएंगे

हटाए गए दुकानदारों का कहना है कि पार्किंग व यातायात की आड़ में हटाए गए अस्थाई खान पीन बाजार को लेकर गलत फीडबेक दिया जा रहा है, साथ ही अव्यवस्थित बनाए गए फूड जोन को सक्सेस करने के लिए भी कथित तौर पर मनमानी जारी है, जिसकी शिकायत नवनिर्वाचित विधायक मंत्री उषा ठाकुर से भी की जाएगी। साथ ही उन्हें बताया जाएगा कि कर्मचारी अस्थाई दुकानों, ठेले, फेरी वालों से 40 रूपए शुल्क की वसूली कर रहे है, जिसकी जांच पड़ताल संख्या लिहाज से की जाना चाहिए, दरअसल शहर व आस - पास दौ सौ के आस - पास अस्थाई, दुकानें, ठेले जिसमें विभिन्न व्यंजनों के साथ ही सब्जी, फल, फ्रुट, आदि भी शामिल है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि वसूली सभी से की जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग तक कुछ ही रसीदों का रूपया जमा होता है, जिस पर उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता हैं हालांकि विभिन्न जिम्मेदार विभाग इन आरोपों को सिरे से नकार रहे है।

# जबलपुर में 3 रु. किलो बिकी मटर, सड़क पर फेंकी

## नाराज किसानों का 15 घंटे तक चक्काजाम, 700 रुपए प्रति बोरा मुआवजे पर माने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में करीब एक हफ्ते पहले तक 60-70 रुपए किलो बिकने वाली मटर अब 3 रुपए प्रति किलो में भी नहीं बिक रही। मंडी में मटर की बंपर आवक होने से ऐसे हालात बने हैं। नाराज किसानों ने मंडी में जाम लगा दिया। कई किसानों ने मटर सड़क पर फेंक दी। करीब 15 घंटे चले जाम के बाद मंगलवार को प्रशासन ने आश्वासन दिया कि 700 रुपए प्रति बोरी मुआवजा दिया जाएगा। इसके बाद यह मामला शांत हुआ।**

जबलपुर से मटर देशभर में निर्यात किया जाता है। सोमवार शाम सैकड़ों किसान मटर की फसल लेकर बेचने के लिए कृषि उपज मंडी पहुंचे थे। यहां व्यापारी 5 रुपए प्रति किलो भी मटर खरीदने को तैयार नहीं थे। इसके बाद किसान आक्रोशित हो गए। उन्होंने मटर से भरी गाड़ियां मंडी परिसर में खड़ी कर दीं। किसानों का कहना है कि मटर की लागत 12 से 13 रुपए प्रति किलो आती है, जबकि व्यापारी 5 रुपए किलो के हिसाब से भी मटर नहीं खरीद रहे।

### पूरी रात लगा रहा जाम, सीएम तक पहुंचा मामला

किसानों ने सोमवार देर रात करीब 10 बजे मंडी में जाम लगा दिया। पूरी रात जाम लगा रहा। दूसरे दिन मंगलवार सुबह कई किसानों ने करीब 100 बोरी मटर सड़क पर फेंक दी। मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। दिनभर मंडी प्रशासन और किसानों के बीच बातचीत चलती रही। दोपहर करीब 2 बजे मंडी सचिव आरके सैय्याम ने कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन से फोन पर बात की।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मामले से अवगत करवाया। इसके बाद निर्णय लिया गया कि प्रत्येक किसान को 700 रुपए प्रति बोरा के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा। मंडी सचिव मंडी सचिव आर के सैय्याम ने बताया कि आश्वासन के बाद किसानों ने दोपहर 3 बजे प्रदर्शन बंद किया।



### तीन गुना ज्यादा आवक से बने ऐसे हालात

जबलपुर की कृषि उपज मंडी की क्षमता करीब 200 गाड़ियों की है, जबकि पिछले तीन दिन से 500 से 700 गाड़ी मटर की आवक हो रही है। वहीं, एक हफ्ते पहले तक मंडी में थोक भाव 20 से 25 रुपए प्रति किलो मटर बिक रहा था। तीन गुना ज्यादा आवक होने से ऐसे हालात बने हैं।

### किसान बोले- माल सड़ जाएगा, कहां ले जाएं

दमोह से फसल बेचने आए किसान चंदन सिंह का कहना है कि कल रात से मंडी में 50 बोरा मटर लेकर खड़े हैं। व्यापारी मटर खरीदने को तैयार नहीं। 12 रुपए प्रति किलो लागत आई है। व्यापारी तीन रुपए किलो में ले रहे हैं। ऐसे में माल सड़ जाएगा।

### व्यापारी बोले- अच्छी क्वालिटी का नहीं मटर

इधर, व्यापारियों का कहना है कि हमने 60 से 70 रुपए किलो तक मटर खरीदा है, लेकिन अभी जो माल आ रहा है, वह इस क्वालिटी का नहीं है कि इसे 20 से 25 रुपए प्रति किलो खरीदा जा सके। अयोध्या, कोलकाता, इलाहाबाद, बनारस से आए व्यापारियों का कहना है कि हमें भी मटर खरीदने के बाद नुकसान हो रहा है। सोमवार से गाड़ियां मंडी में फंसी हैं। अब गाड़ियों को अयोध्या तक लेकर जाना है। अगर समय रहते लेकर नहीं गए, तो वह खराब हो जाएगा। ऐसे में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# सरगुजा संभाग की 14 सीटों पर सिंह की रणनीति से भाजपा की जीत

## ◆ संघ के पूर्व प्रचारक पिछले एक साल से छत्तीसगढ़ में थे सक्रिय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पांच साल बाद फिर से सत्ता में वापसी की है। यहां कांग्रेस से मुकाबला नजदीकी माना जा रहा था, लेकिन भाजपा स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने में सफल रही है। सरगुजा संभाग में भाजपा का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। अम्बिकापुर सहित सभी 14 सीटों पर जीत का परचम लहराया है। यहा की जीत में संघ के पूर्व प्रचारक महेन्द्र प्रताप सिंह की भी बड़ी भूमिका सामने आई है। वे भाजपा की जीत के लिए पिछले एक साल से पर्दे के पीछे रहकर रणनीति बनाने का काम कर रहे थे। प्रारंभ में उन्होंने सरगुजा की सभी 14 सीटों पर भाजपा व संघ नेटवर्क के बिना ही व्यक्तिगत संपर्क बनाकर जमीनी हकीकत जानी, और फिर संभावित जीतने योग्य चेहरों का चयन कर उन्हें क्षेत्र में सक्रिय रखकर कार्य करने के लिये प्रेरित किया।

इंदौर व भोपाल में रहे है प्रचारक-मूलतः मध्यप्रदेश इन्दौर के रहने वाले महेन्द्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भोपाल और इन्दौर में प्रचारक रहे है। वे लंबे समय से भोपाल में राजनीतिक व सामाजिक कार्यो के साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय है।

# पूर्व विधायक त्रिपाठी के कटआउट को बम से उड़ाया

## मैहर में समर्थक सड़क पर उतरे, थाने में हंगामे के बाद एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। मैहर में कुछ लोगों ने पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी के कट आउट पर बम लगाकर का सिर उड़ा दिया है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मैहर में बवाल मच गया है। नारायण समर्थक सड़क पर उतर आए हैं। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

जानकारी के मुताबिक नवनिर्वाचित भाजपा के श्रीकांत चतुर्वेदी के विधायक बनने के बाद मैहर में टकराव के हालात सामने आ गए। पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी के समर्थक सड़क पर उतर आए और लामबंद होकर थाना जा पहुंचे।

### वीडियो में टाटा, गुडबाय, बचा ही नहीं का म्यूजिक लगा

दरअसल, यहां यह स्थिति मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद बनी। इस वीडियो में देवी जी रोड पर बंधा



बैरियर के पास बीच सड़क पर पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी का आदमकद कटआउट रख कर सिर को पटाखा बम के जरिए उड़ाते हुए दिखाया गया है। इसमें हो गया, टाटा, गुडबाय, बचा ही नहीं का म्यूजिक भी मिक्स किया गया है। यह वीडियो वायरल होते ही नारायण समर्थक भड़क गए और वे सड़क पर उतरने के बाद थाने जा पहुंचे और मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए।

उनका इशारा मैहर के एक गौतम युवक की तरफ था जिसका भाई तो नारायण समर्थक है लेकिन वह खुद नारायण का विरोधी माना जाता है। नारायण समर्थकों का कहना था कि इस तरह बम से कटआउट का सिर उड़ा कर पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी दी गई है। इस घृणित कृत्य के जरिए मैहर का माहौल खराब करने की भी कोशिश की गई है।

### अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने विष्णुचन्द्र पांडेय निवासी पटेहरा की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 286, 506, 507, 426 एवं 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों का पता लगा रही है। बताया जाता है कि यह वीडियो दीपावली के पहले का है जिसे मंगलवार को वायरल किया गया है।

# 2000 के नोट के बदले मिल रहे 10-20 के सिक्के

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया दफ्तर के बाहर नोट एक्सचेंज कराने वालों की कतार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में 2 हजार के नोट बदले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में 2 हजार के नोट एक्सचेंज करने पर 10 और 20 रुपए के सिक्के दिए जा रहे हैं। लोग बैंक से सिक्कों की गठरी लादकर बाहर निकल रहे रहे हैं। 2 हजार के नोट 7 अक्टूबर से बदले जा रहे हैं। भोपाल में सुबह 6 बजे से ही लोगों की लाइन लग जाती हैं। लोगों ने बताया कि अंदर मौजूद अधिकारी उन्हें रुपए खाते में ट्रांसफर करने या फिर चिल्लर देने की बात कह रहे हैं। ज्यादातर लोग रुपए ट्रांसफर करने के बजाय सिक्के ही लेकर जा रहे हैं।

### 2016 में आया था 2 हजार का नोट

2 हजार का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद करने का ऐलान किया था। इनकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया गया था। हालांकि फइक साल 2018-19 से 2 हजार के नोटों की छपाई बंद कर चुका है। वहीं 2021-22 में 38 करोड़ वैल्यू के 2 हजार के नोट नष्ट किए गए थे।

# मिड-डे मील का खाना खाने से 40 बच्चे बीमार

## उल्टी, सिर दर्द और चक्कर की शिकायत; बच्चे बोले- खाने में से आ रही थी बदबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना।** पन्ना में सोमवार को एक सरकारी स्कूल में मिड-डे मील से 40 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को सिर दर्द होने लगा। कुछ देर बाद चक्कर और उल्टी होने लगी। बच्चों को स्कूल स्टाफ और परिजन अमानगंज अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से तीन बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला अमानगंज तहसील के विक्रमपुर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय का है। बच्चों के परिजनों ने बताया, मिड-डे मील में कुछ मिलावट थी। बच्चों ने बताया है कि खाने से बदबू आ रही थी। आटा देखा, तो, केमिकल की गंध आ रही थी। अमानगंज अस्पताल के डॉक्टर पीके गुप्ता ने बताया कि तीन बच्चों की हालत ज्यादा खराब है, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

# भाजपा प्रत्याशी की दिग्विजय सिंह को चुनौती

## दिग्विजय सिंह जी: राघोगढ़ में भाजपा का बिगुल बज चुका है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** प्रदेश की हाई प्रोफाइल गुना जिले की राघोगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमे वह प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह को चेतावनी देते नजर आ रहे हैं। वह पूर्व सीएम के उस बयान पर कटाक्ष करते नजर आ रहे हैं, जिसमे दिग्विजय सिंह ने पूछा था कि ये बंटी बना कौन है। इसके जवाब में भाजपा प्रत्याशी ने कहा है कि ये बंटी बना वही है, जिसने आपके पुत्र के पसीने छुड़ा दिए। भाजपा प्रत्याशी यह भी कह रहे हैं कि कांग्रेस अपनी जीत का जश्न मनाए, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं को परेशान न किया जाए। नहीं तो ठीक नहीं होगा।

बता दें कि गुना जिले की चार विधानसभाओं के लिए रविवार को काउंटिंग हुई। अंतिम रिजल्ट में दो सीट पर भाजपा और दो सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों में जीत दर्ज की। गुना और चांचौड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जीते, तो वहीं राघोगढ़ और बमोरी से कांग्रेस कैंडिडेट ने जीत दर्ज की। बमोरी से पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया चुनाव हार गए। चांचौड़ा से दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को हार का मुंह देखना पड़ा। सबसे ज्यादा टक्कर का मुकाबला राघोगढ़ विधानसभा में हुआ। यहां जयवर्धन सिंह कुल 4505 वोटों से चुनाव जीत पाए। काउंटिंग के बाद यहां से भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र सिंह ने एक वीडियो जारी किया।

## Haryana

# पूरा बिल अदा नहीं करने पर निजी अस्पताल शव देने से नहीं कर सकेंगे मना, हरियाणा में बनेगा नया कानून

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** हरियाणा में निजी अस्पतालों की बढ़ रही मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश सरकार नया कानून ला रही है। इसके तहत हरियाणा में अब पूरा बिल अदा नहीं करने पर निजी अस्पताल मरीज के शव को परिजनों को देने से इंकार नहीं कर सकेंगे। अगर कोई ऐसा करेगा तो उसके लिए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान होगा। इस संबंध में हरियाणा सरकार ने हरियाणा मृत शरीर सम्मान विधेयक 2003 का ड्राफ्ट तैयार किया है।

संभावना है कि 15 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश किया जाएगा। इसके अलावा शव को सड़क पर रखकर जाम लगाने वालों के खिलाफ भी इसमें कार्रवाई का प्रावधान होगा। यही नहीं, अगर परिजन राजी नहीं होते तो पुलिस और



प्रशासन मिलकर शव का अंतिम संस्कार कराएंगे ताकि सड़क पर मृत देह की बेकद्री न हो। इससे ट्रैफिक जाम होने की मुश्किल से भी लोगों को निजात मिलेगी। बता दें कि इस विधेयक को लेकर गृह मंत्री अनिल विज ने आपत्ति उठाई थी कि पहले इस कानून को जिन राज्यों ने लागू किया, वहां इसके फायदे वगैरह देख लेने चाहिए। इसके बाद ड्राफ्ट में कुछ संशोधन किए जा रहे हैं।

इस विधेयक को लाने के पीछे की मंशा मृत शरीर की गरिमा को सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि किसी की मौत होने पर उसके शरीर की गरिमा को ठेस पहुंचाना कानूनी तौर पर गलत है। हरियाणा में निजी अस्पतालों के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें बिल पूरा नहीं देने पर मरीज के शव को कब्जे में लेते हैं। इसी प्रकार, काफी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं कि परिजन शव को लेकर सड़कों पर जाम लगा देते हैं। इन तमाम मामलों से निपटने के लिए सरकार नया कानून ला रही है।

## Uttarpradesh

### बारात आई पर फेरे न हो पाए, मंडप में अचानक बेहोश होकर गिरी दुल्हन, मची अफरातफरी और फिर..

**लखीमपुर, (एजेंसी)** मेहंदी लगी, शहनाई बजी, बारात भी चढ़ी पर फेरे न हो पाए। ऐन फेरों के वक्त पर दुल्हन की तबीयत बिगड़ गई। दुल्हन मंडप में ही बेहोश हो गई। मंडप से दुल्हन को अस्पताल ले जाया गया। तब तक मुहूर्त निकल गया और दुल्हन के बीमार होने की वजह से बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। लखीमपुर शहर के एक मैरिज लॉन में उस समय अफरातफरी मच गई। जब ऐन फेरों के समय दुल्हन बेहोश हो गई। खमरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की की शादी लखीमपुर शहर के युवक के साथ सोमवार को होनी थी। वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन शहर के एक मैरिज लॉन में होने थे। लड़की वाले सोमवार की सुबह ही पहुंच चुके थे। शाम को बारात भी आ गई। बारातियों का स्वागत, सम्मान हुआ। बैंड,बाजा, शहनाइयां, ढोल भी बजने लगे। इसी बीच फेरों से ऐन पहले दुल्हन की तबीयत बिगड़ गई। दुल्हन बेहोश होकर गिर गई। किसी ने ब्लड प्रेशर की दिक्कत बताई तो किसी ने कुछ और। आनन फानन दुल्हन को शहर के एक नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां देर रात तक दुल्हन ठीक नहीं हो सकी।

## New Delhi

### 100 करोड़ की ठगी : जालसाज को खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार, विदेश भेजते थे रकम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने 100 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में जालसाजों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विक्रांत राय उर्फ विक्की को लखनऊ, यूपी से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के जालसाज ठगी हुई रकम को विदेश भेजते हैं। आरोपी के कब्जे से 72 डेबिट कार्ड, पांच रजिस्टर/डायरियां/नोटबुक, एक लैपटॉप, तीन मोबाइल, छह चैक बुक और चार पैन कार्ड बरामद किए गए हैं। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि संगम विहार में रहने वाले सरकारी शिक्षक के साथ ठगी की गई थी। मामला दर्ज साइबर थाना प्रभारी अरुण कुमार वर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर हंसाराम, हवलदार रामबीर सिंह, तरूण कुमार व हवलदार संदीप कुमार की टीम ने जांच शुरू की।

## Bihar

### पार्टी के लिए घर से बुलाकर ले गए दोस्त, फिर मिली युवक की गर्दन कटी लाश, हत्या से मचा हड़कंप

**पटना, (एजेंसी)** दोस्तों ने पार्टी के बहाने एक ठेला चालक को बुलाया और धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। घटना मंगलवार की रात नौ बजे खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ले में घटी। हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 26 वर्षीय ठेला चालक संतोष कुमार के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एनमएसी भेज दिया।

पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतक के भाई अजय ने बताया कि रात के वक्त संतोष घर आने पर कमरे में जाकर सो गया। जबकि अजय खुद बाहर ठेले पर सो रहा था। इसी बीच संतोष के दोस्त आए और पार्टी करने के बहाने उसे बुलाकर घर से ले गए। सभी पास में ही बैठकर खाने-पीने लगे। इतने में किसी बात को लेकर दोस्तों और संतोष के बीच झगड़ा होने लगा।

शोर-शराबा सुनकर अजय वहां गया तो देखा कि संतोष का गर्दन कटा है । ज्यादा खून बहने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। थानेदार राहुल ठाकुर ने बताया कि पुलिस हत्याकांड की जांच करने में जुटी हुई

## खेल

# भारोत्तोलक शरबानी ने जीता स्वर्ण

## ओडिशा की स्नेहा को परास्त किया





**कोलकाता। ग्रेटर नोएडा में इस वर्ष हुई राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली पश्चिम बंगाल की शरबानी दास ने अश्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया। 55 भार वर्ग के मुकाबले में शरबानी ने दक्षिण एशियाई खेलों की विजेता और 2019 की राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत जीतने वाली ओडिशा की स्नेहा सोरेन को पराजित किया।**

इस वर्ष जूनियर विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहने वाली शरबानी ने कुल 186 किलो वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 80 और क्लीन एंड जर्क में 106 किलो वजन उठाया। उन्होंने स्नेहा को सिर्फ एक किलो के अंतर से हराया। स्नेहा ने कुल 185 किलो वजन उठाया। स्नेहा ने स्नैच में 79 और क्लीन एंड जर्क में 106 किलो वजन उठाया। मणिपुर की नीलम देवी ने 178 किलो के साथ कांस्य पदक जीता।

59 भार वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की यालम बालो ने 175 किलो के साथ स्वर्ण, मणिपुर की शाखेनबी देवी ने 171 के साथ रजत पदक जीता। 64 भार वर्ग में असम की दितिमोनी सोनोवाल ने 185 किलो के साथ स्वर्ण, छत्तीसगढ़ की सोनाली यादू ने 181 किलो के साथ रजत जीता। 71 भार वर्ग में छत्तीसगढ़ की अक्ता बंजारे ने 71 भार वर्ग में 175 किलो के साथ स्वर्ण और असम की सोंगिता ने 174 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता।

## सिनेमा

# 10 दिन में तैयार हुआ कांतारा पोस्टर, शिव-परशुराम से कनेक्शन! दोगुना हो गया बजट



कांतारा फिल्म के सुपर सक्सेस के बाद अब दर्शकों के बीच अब इसके प्रीक्वल का पोस्टर रिलीज किया गया है. पोस्टर के आते ही इसकी चर्चा जोर-शोर से होने लगी है. दर्शकों को बस अब फिल्म की रिलीज का इंतजार है. बता दें, कांतारा की कहानी अब प्रीक्वल के रूप में प्रेजेंट की जाएगी.

हुंबाले फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. प्रोड्यूसर विजय किरागंदुर हमसे इस फिल्म और उसकी तैयारी पर डिटेल में बातचीत करते हैं. विजय बताते हैं, 'कांतारा पिछले साल की सबसे चर्चित फिल्मों से रही है. इसने हर तरह के दर्शक वर्ग को एंटरटेन किया है. सबने इस फिल्म को एक्सेप्ट किया है. कांतारा 2 का स्केल उससे भी बड़ा होने वाला है. जाहिर सी बात है, जिस तरह से दर्शकों की उम्मीदें बढ़ी हैं. मैं यही कहूंगा इसके मूल सब्जेक्ट पर ही फोकस रहेगा. इसके नरैटिव के साथ हम कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं, कहानी उतनी ही रूटेड होगी, दैवत्व( divinity )फैक्टर भी वैसा ही रहेगा. हम उन सब चीजों को इनटैक्ट कर एक बड़ी फिल्म लाने जा रहे हैं.'

## संपादकीय

# कहीं भी सुरक्षित और सहज महसूस नहीं

वक्त के साथ चतुर्दिक विकास, नए सख्त कानूनी प्रावधान और व्यवस्थागत सुधार के बीच महिलाएं कहां हैं? आमतौर पर सभी पार्टियों का यह चुनावी नारा और वादा होता है कि वे सत्ता में आने पर हर स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। मगर हकीकत यह है कि हर अगले साल एनसीआरबी के आंकड़ों से लेकर सभी अध्ययनों में यही अफसोसनाक तस्वीर होती है कि महिलाएं कहीं भी खुद को सुरक्षित और सहज महसूस नहीं कर पातीं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट ने एक बार फिर समाज, पुलिस-प्रशासन और सरकारों के कामकाज की शैली को आईना दिखाया है। दर्ज मामलों पर आधारित आंकड़ों के मुताबिक देखें तो आज भी हर जगह होने वाले अपराधों में महिलाएं सबसे ज्यादा जोखिम से गुजर रही हैं और उनके खिलाफ आपराधिक घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं। एनसीआरबी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 2022 में देश भर में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के कुल चार लाख पैंतालीस हजार दो सौ छप्पन मामले दर्ज किए गए। जबकि इसके पिछले वर्ष यानी 2021 में यह आंकड़ा चार लाख अट्ठाईस हजार दो सौ अठहत्तर और 2020 में तीन लाख इकहत्तर हजार पांच सौ तीन था। यानी वक्त बीतने के साथ महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की तस्वीर में कोई सुधार आने के बजाय स्थिति और ज्यादा बिगड़ती जा रही है। माना जाता है कि शहरों में कानून-व्यवस्था से लेकर अन्य उपायों की वजह से आम नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से स्थितियां बेहतर हैं। मगर विडंबना है कि गांवों के मुकाबले शहरों और महानगरों में स्थिति और ज्यादा चिंताजनक हुई है। स्त्रियों का जीवन महानगरों में अपेक्षया ज्यादा जोखिम से गुजर रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में दिल्ली सबसे ऊपर रही, जो लगातार तीसरे साल उन्नीस महानगरीय शहरों में सबसे अधिक है। राज्यों में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सबसे ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हुई। जिस दौर में देश के हर स्तर पर आगे बढ़ने और व्यवस्था में बड़े बदलाव का हवाला दिया जा रहा है, उसमें महिलाओं के जीवन पर जोखिम में लगातार बढ़ोतरी कैसे हो रही है! आमतौर पर सभी सरकारें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अनेक घोषणाएं करती रहती हैं। मगर साफ देखा जा सकता है कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों से लेकर जितने भी कदम उठाए जाते हैं, उससे जमीनी स्तर पर महिलाओं के जीवन को सहज और सुरक्षित बनाने में कोई ठोस कामयाबी नहीं मिली है। आखिर क्या कारण है कि आज भी घर से बाहर आवाजाही के रास्तों से लेकर काम की जगहों, यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाओं को बहुस्तरीय जोखिम का सामना करना पड़ रहा है?

**अर्ज़ किया है..!**

*दोस्तों को भी मिले दर्द की दौलत या रब*
*मेरा अपना ही भला हो मुझे मंज़ूर नहीं*

- हफ़ीज़ जालंधरी

*MORARI BAPU*



सत्य-प्रेम-करुणा...

**याद रखना साहेब, जब तक आप काम के है लोग आपको पहचानेंगे, क्योंकि... याद रहे लोग दिया जलाने के बाद माचिस की तीली को फेंक देते हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# पिछले साल प्राकृतिक आपदाओं से भारत में 8000 एक्सीडेंटल मौतें, इनमें से 35% सिर्फ बिजली गिरने से



**नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की नई रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल यानी 2022 में प्राकृतिक हादसों की वजह से 8060 लोगों की एक्सीडेंटल मौत हुई. जैसे हीटस्ट्रोक, बिजली गिरना, बाढ़ में बह जाना आदि. लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि इसमें से 35 प्रतिशत मौतें बिजली गिरने से हुई हैं. ये खुलासा एनसीआरबी की एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड्स इन इंडिया में हुआ है.**

देश में पिछले साल 9.1 फीसदी एक्सीडेंटल मौतें हीट और सनस्ट्रोक की वजह से हुई. यानी भयानक गर्मी से. जबकि 8.9 फीसदी लोग ठंड से मर गए. इन मारे गए लोगों में दो उम्र के लोग ज्यादा है. मारे गए लोगों में 32.1% लोग 60 साल या उससे ज्यादा की उम्र के हैं. जबकि, 23.7 फीसदी लोग 30 से 45 साल के बीच के हैं.

बिजली गिरने से देश में कई मौतें हुईं. मध्य प्रदेश में 496 लोग मारे गए, बिहार में 329, ओडिशा में 316 , उत्तर प्रदेश में 301 और झारखंड में 267 लोग मारे गए. ये पांच राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ही सबसे ज्यादा प्राकृतिक आपदाओं से परेशान भी रहे. सबसे ज्यादा मौतें भी इन्हीं राज्यों में हुईं.

अगर मेगासिटी यानी बड़े शहरों की बात करें तो मारे गए 8060 लोगों में सिर्फ 670 लोग बड़े शहरों में मारे गए. यानी 8.7 फीसदी. पिछले साल पूरे देश में अलग-अलग तरह के एक्सीडेंट में 3,97,530 लोगों की मौत हुई. इनमें सबसे ज्यादा जो लोग मारे गए हैं, उनकी उम्र 30-45 के बीच रही है. इनकी संख्या 1,32,846 है.

## Highlights

- 17 days inside tunnel were like an unwritten death warrant: Worker
- Video: Man Runs Tractor Over People Amid Land Dispute
- If a country can host successful COP summit, it's India: UAE envoy
- Sachin, Amitabh Bachchan among 2,000 VVIPs invited for consecration ceremony at Ram temple
- Sachin Pilot's movements & phone were tracked by Gehlot govt: Ex-CM Gehlot's aide
- Karni Sena calls for Raj bandh tomorrow after killing of Sukhdev Singh Gogamedi

# Indian banks have been resilient despite global turmoil: Sitharaman

NEW DEIHI, (Agency). Indian banks remain healthy, strong and resilient despite a global turmoil, Union finance minister Nirmala Sitharaman told Rajya Sabha on Tuesday, adding that the country's main anti-money laundering agency's actions had restored more than ₹15000 crore to public sector lenders.

The country's pile of bad loans was coming down while banks' profits were up, the minister said, replying to queries from the opposition during question hour in the upper house.

The Rajya Sabha also discussed the current economic situation of the country after a notice for a short-duration discussion by Trinamool Congress member Derek O'Brien was accepted by the House.

Sitharaman said banks had recovered ₹33,801 crore from wilful defaulters by March 31 this year. More than ₹15,000 crore had been restituted to public sector



banks through action and recoveries by the Enforcement Directorate under the Prevention of Money Laundering Act, she added.

"Amidst the global turmoil and sorry state of affairs as regards the banking systems, Indian banks continue to stand healthy, strong and resilient. In our country, not only the non-performing assets (NPAs) are coming down but also the profit margins are going up," she said.

Responding to supplementary questions on bad loans, Sitharaman said assets worth ₹692.89 crores had been impounded under provisions of the Fugitive Economic Offenders Act, 2018.

The minister said opposition MPs raising questions on the government's handling of NPAs ought to first recognise the issue. "The heart of the problem was during the 10 years of UPA rule between 2004 and 2014 when calls were made (to banks) to grant loans to people who weren't worthy of getting a loan. The burden fell on us to sort the Indian banks out with reforms," she said.

# Zerodha faces multiple outages; CEO Nithin Kamath reveals reason behind tech issues

NEW DEIHI, (Agency) Investing and trading platform Zerodha ended up facing multiple outages in the last few days, with many users complaining that they are not able to log into their apps and track their investments. These technical issues came when Sensex and Nifty hit their all-time high, setting a new record with the Indian market index spike.



Apologising to the users who faced disruptions this week, Zerodha co-founder Nithin Kamath wrote a letter to the public on the official website of the app, explaining the reason behind multiple outages in the last few days.

The most recent outage experienced by Zerodha was on December 4, a day after the release of the assembly election results 2023 when the Indian market was at an all time high. Zerodha users had taken to social media to slam the app for shutting down on such a crucial day.

Nithin Kamath apologises to Zerodha users

Zerodha CEO Nithin Kamath said in the letter, "In the business updates post I shared in August this year, I mentioned how we hadn't had any large tech issues for a couple of years. Unfortunately, we have had two episodes in quick succession in the last two months, affecting between 5 and 20% of our active customers."

# दोस्त घर पहुंचा तो फंदे पर मिला नाबालिग

## दिन में भाई से पैसे लेकर गया, लौटकर की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक नाबालिग लड़के ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। दोस्त उसे लगातार काम के लिये कॉल कर रहा था। उसने कॉल रिसीव नहीं किया। कमरे पर जाकर देखा तो वह फंदे पर झूलता मिला। प्रारंभिक पूछताछ में अभी सुसाइड को लेकर वजह सामने नहीं आ पाई है।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक भगतसिंह नगर में रहने वाले 15 वर्षीय तरुण पुत्र रवि धीमान ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। दोस्त ने उसे कमरे में फंदे पर लटके देखा। पुलिस के मुताबिक तरुण डीजे लगाने के साथ इलेक्ट्रीशियन भी है।

उसे मंगलवार को दोस्त के साथ ऑर्डर पर जाना था। इसके लिये दोस्त उसे लगातार कॉल कर रहा था। उसने करीब आधे घंटे तक कॉल रिसीव नहीं किया तो घर जाकर भाई उदय से पूछा। उसने ऊपर के कमरे में होने की बात की।

जब दोस्त यहां पहुंचा तो तरुण ने गेट नहीं खोला खिड़की से झांक कर देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। इसके बाद बड़े भाई उदय को आवाज देकर ऊपर बुलाया। दोनों उसे नजदीक के असपताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने एमवाय ले जाने की बात कही।

### दोपहर में रुपए लेकर गया

भाई उदय ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब तीन बजे उससे तरुण ने रुपए मांगे। इसके बाद कुछ देर दोस्तों से मिलने के बाद करीब चार बजे सोने का कहकर वह ऊपर के कमरे में चला गया। तरुण के पिता बाउंसर हैं। जबकि मां निजी कंपनी में काम करती है। तरुण ने कुछ समय पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके बाद वह डीजे का काम करने लगा। पुलिस के मुताबिक अभी कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोबाइल जब्त किया जाएगा।

# कमिश्नर ने जारी किया साइबर कॉप एप

## ◆साइबर क्राइम को लेकर मिलेगी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कमिश्नर ने सिटीजन एप की तर्ज पर सायबर एप जारी किया है। जिसमें लोगो को सायबर क्राइम के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही जागरूक करने के उद्देश्य से फेक न्यूज को लेकर भी अवेयर करेगी। कमिश्नर मंकरद देउस्कर ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में साइबर कॉप एपलीकेशन को लेकर जानकारी दी। जिसमें साइबर क्राइम ओर ऑनलाईन धाराओं को लेकर जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही ऑनलाईन फ्रॉड,बेक फ्रॉड,फेक न्यूज को लेकर भी जागरूक करेगी। इसके पहले सिटीजन कॉर्प भी पुलिस के द्वारा लांच किया गया है। जिसमें पुलिस सुरक्षा ओर अपराधो को लेकर जनता को कई तरह की हेल्प मिलती रही है।

### इस एप्लिकेशन की महत्वपूर्ण विशेषताएं

1. सुरक्षित परिवार डिवाइसों में मजबूत पासवर्ड लगाना और एंटी.वायरस का इस्तेमाल करना सुनिश्चित करें।
2. सॉ . टवेयर को नियमित तौर पर अपडेट करें और विश्वसनीय साइटों से ही डाउनलोड करें।
3. अनजान नंबरों से आए मैसेज और ईमेल पर ध्यान दें और गुमनाम नंबर से आने वाले प्राइज से सतर्क रहें।
4. साइबर बुलिंग, हैरसमेंट और ऑनलाइन फ्राड से बचने के लिए सोशल मीडिया प्राइवेसी सेटिंग्स को स त करें और बच्चों को सुरक्षित रखने के उपायों की जानकारी प्राप्त करें।
5. अगर साइबर बुलिंग या फिशिंग का शिकार होते हैं तो तुरंत बैंक की लोकल ब्रांच या रिलेशनशिप मैनेजर से संपर्क करें। बैंक डिटेल्स को सुरक्षित रखें और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत करें।

उक्त एप्लीकेशन के बारे में सिटिजनकॉप फाउंडेशन के संस्थापक राकेश जैन ने बताया कि इस साइबर सुरक्षा एप्लिकेशन के माध्यम से आप नए साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग कर सकते हैं और यह भी एनसीआरबी को जानकारी प्रदान करने में मदद कर सकता है।

यह एप्लिकेशन लोगों को साइबर बुलिंग, ऑनलाइन फ्राड, बैंक फ्राड ,फेक न्यूज और अन्य संबंधित जोखिमों के बारे में भी जागरूक करने का एक और साधन प्रदान करता है। साइबर सुरक्षा और जागरूकता द्वारा इस ऐप्लिकेशन के माध्यम से महिलाएं भी आत्म सुरक्षा और अपने हक की रक्षा करने में मदद प्राप्त कर सकेंगी।

इंदौर पुलिस का यही उद्देश्य है कि हर व्यक्ति साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहे और वर्चुअल वर्ल्ड के नित नए खतरों से स्वयं भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखे। इसी को ध्यान में रखते हुए सायबर काप एप्लिकेशन बनाया गया है। हम इसका उपयोग करें और स्वयं भी जागरूक रहे और दूसरों को भी करें।

# मां के शव से रेप का आरोपी जाएगा मानसिक चिकित्सालय

## ◆ डॉक्टरों के बोर्ड से कराएंगे मेडिकल, बार-बार बयान बदल पुलिस को कर रहा गुमराह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पलासिया में 70 साल की महिला के शव से रेप के आरोपी उसके ही बेटे को मानसिक चिकित्सालय भेजा जाएगा। पलासिया थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी बार-बार बयान बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा है। आरोपी लगातार बड़बड़ाते हुए तरह-तरह की बातें करने लगता है और पुलिसकर्मियों से कुछ भी सामान मांगने लगता है। उसे पता ही नहीं है कि उसने कितना घिनौना अपराध किया है। अफसरों के मुताबिक उसका मेडिकल कराने के बाद उसे मानसिक चिकित्सालय भेजा जा सकता है।**

लसूड़िया इलाके में किराए के घर में रहने वाली 70 साल की बुजुर्ग महिला के साथ पलासिया इलाके में ले जाकर रेप करने वाला मानसिक रोगी बेटा अभी पलासिया थाने के हवालात में है। पुलिस उसे जेल भेजने के लिए डॉक्टरों के बोर्ड से उसका मानसिक परीक्षण कराना चाहती है। ताकि उसे मानसिक चिकित्सालय भेजा जा सके। आरोपी के बहन और जीजा उससे मिलने नहीं आए हैं। उसका पहले कहीं उपचार भी नहीं कराया गया है। इस कारण परिवार के पास उसके मानसिक रोगी होने के डॉक्यूमेंट नहीं हैं। इसके चलते पुलिस अब मामले में डॉक्टरों के बोर्ड से मेडिकल कराने के बाद उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही जेल भेजने या मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए उसे कोर्ट में पेश करेगी।

**खुद को ही दरिंदगी के बारे में नहीं पता-**अपनी ही मां के शव से रेप के मामले में पकड़ाए आरोपी को खुद के द्वारा की गई दरिंदगी के बारे में जानकारी नहीं है। उसे हिरासत में लेने के बाद जब इस बारे में उससे पूछताछ की तो वह अलग-अलग तरह की बातें करने लगा। उसे पता ही नहीं है कि उसकी मां कहां है। परिवार में बहन और जीजा के अलावा मां-बेटे पर कोई ध्यान नहीं देता था। वह भी अब दूर हैं। वह अपनी बहन के बारे में जरूर पूछता रहता है।

**रेप के आरोप में भी होना है मेडिकल-** आरोपी का अभी रेप के मामले में भी मेडिकल होना है। पुलिसकर्मी उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं होने के चलते वह मेडिकल परीक्षण नही करवा पाया। पुलिस अधिकारी इस मामले में उसकी मानसिक स्थिति और इस तरह के मेडिकल को लेकर डॉक्टरों की सलाह के बाद ही आगे कदम उठाने की बात कर रहे हैं। ताकि आगे भी केस में कोर्ट से आरोपी को राहत नही मिले।

### डेढ़ लाख की ब्राउन शुगर सहित दो पकड़ाए

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने आपरेशन प्रहार के तहत डेढ लाख रुपए की ब्राउन शुगर सहित दो आरोपियों को गिर तार किया है। ये दोनों नशे के आदी हैं। नशे की लत के बाद ये ब्राउन शुगर बेचने लगे थे। ये पैसा लेने के बाद टोकन देते थे और उसके बाद ब्राउन शुगर सप्लाय करते थे। क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के धंधे से जुड़े बदमाशों,इनकी गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर पैनी नजर रख रही है। टीम को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि चंदननगर में दो व्यक्ति ब्राउन शुगर की तस्करी करने की फिराक में है। टीम ने चंदननगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए बीएसएनएल आफिस के पास सर्विस रोड़ पर आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। इनके नाम सचिन पिता कृष्णापुरी गोस्वामी, राज नगर एवं सुनिल उर्फ भोलू पिता आशाराम सुरागे, नन्दन नगर पता चले।

# छेड़छाड़ मामले में इंडिगो की एयर होस्टेस से पूछताछ

### टीशर्ट बदलकर भागा आरोपित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंडिगो की फ्लाइट में छेड़छाड़ करने वाला रायपुर का कारोबारी निकला। फ्लाइट में हंगामा होने पर वह टीशर्ट बदल कर भाग था। पुलिस ने इंदौर विमानतल से उसके सीसीटीवी फुटेज निकाले हैं। एयरलाइंस से कारोबारी की जानकारी लेकर पुलिस को भेजी जाएगी।**

मनोरमागंज निवासी ट्रेनी पायलट के साथ करीब 15 दिन पूर्व इंडियो की फ्लाइट में अश्लील हरकत हुई थी। एनआरआइ महिला उदयपुर से इंदौर आ रही थी। घटना के समय पति भी मौजूद था। उसके पास बैठे व्यक्ति ने अश्लील हरकत की। महिला ने विरोध किया। क्रू मेंबर को शिकायत भी की। सुनवाई न होने पर पीड़िता ने थाने में एफआइआर दर्ज करवा दी। मंगलवार को पुलिस ने घटना के समय मौजूद स्टाफ को थाने बुला लिया। एसआइ धनवंतरी और टीआइ राजेश साहू ने घंटों पूछताछ की। एसआइ ने कहा-स्टाफ जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। आरोपित को भगाने के आरोप में मुलजिम बना दिया जाएगा। इसके बाद एयर होस्टेस पुलिसकर्मियों के साथ एयरपोर्ट पहुंची और घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज निकाले। एयर होस्टेस ने आरोपित को पहचान लिया। उसने फ्लाइट से उतरते ही टीशर्ट बदला था ताकि सीआइएसएफ स्टाफ रोक न सके। एसआइ के मुताबिक आरोपित की पहचान दिलीप जैन (रायपुर) के रूप में हुई है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक